
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मानव तस्करी में स्थानीय बिचौलिये बाहरी लोगों को कर रहे सहयोग

**जिम्मेदार कौन**

## पिथौरागढ में नाटकीय ढंग से बाहरी राज्यों के बिचौलिये सीधे कर रह सेंधमारी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में नाटकीय ढंग से बाहरी राज्यों के बिचौलिये सीधे सेंधमारी कर रहे है। वही मानव तस्करी करने बाहरी राज्यों से सीमांत जनपद में प्रवेश करने वाले बिचौलियों को स्थानीय बिचौलिये मौटे मुनाफे की चाह में खासा सहयोग कर रहे है। सीमांत जनपद में नाबालिगों को बाहरी राज्यों के बिचौलिये घुमाने फिराने की आड़ में बहला फुसलाकर जिले से हल्द्वानी तक ले जाने की बात कर राजस्थान अलवर व बिहार में इनकी सौदेबाजी कर रहे है। जब नाबालिगों को पता चलता है कि उनकी शादी कराने के लिए ये बिचौलिये उनके मां बाप व स्थानीय बिचौलियो को मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर मानव तस्करी को खुलेआम बड़ावा देने में तुले हुए है।

जिले में बीते पिछले चार माह के भीतर बाहरी प्रदेशों से आकर बिचौलियें मासूमों को बहला फुसलाकर नाटकीय ढंग से बाहरी प्रदेशों में ले जाकर उनकी सौदेबाजी कर रहे है।

जानकारी के मुताबिक ये बिचौलिये बनबसा तक मंहगी लक्जरी गाड़ियों के माध्यम से प्रवेश कर रहे है। वही बनबसा से आगे सीमांत जनपद में प्रवेश करने के लिए किराये में गाड़ी बुक कराकर सीमांत जिले में सीधे प्रवेश कर रहे है। इन बिचौलियों को स्थानीय बिचौलियों का पूरा पूरा सहयोग मिल रहा है। सीमांत जनपद में प्रवेश करने के लिए स्थानीय बिचौलियों का सहयोग लेने में ये बाहरी राज्यों से आने वाले बिचौलिये बिल्कुल भी वारदात को अंजाम देने में कतरा तक नही रहे है। हालात यह है कि स्थानीय बिचौलियों से मदद लेकर ये बाहरी राज्यों से आने वाले बिचौलिये उनके माध्यम से खरीद फरोख्त करने में अपने मनसुबे को बढ़वा देने में तुले हुए है। सीमांत जनपद में नेपाली मूल के मां बाप स्थानीय बिचौलियों की मदद से अपने मासूमों का मोटे मुनाफे की लालसा में बाहरी राज्यों के बिचौलियों से सौदेबाजी करने में बिल्कुल भी पीछे नही है।

बीते तीन रोज पूर्व सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में एक ऐसा मानव तस्करी का मामला सामने आया जिसमें अपनी नाबालिग मासूमों का सौदा करने वाली मां व सौतेले बाप ने नब्बे हजार में सौदा राजस्थान के युवक के साथ कर डाला। वही मासूमों की खरीद फरोख्त पूरी करने के बाद ये अरोपी यहां से जैसे ही ऐचोली चैक पोस्ट पार कर भाग रहे थे तो जिले की पुलिस की सजगता के कारण दो मासूमों की मानव तस्करी होने की घटना पर अंकुश लग गया।

जिले के पुलिस बल ने इन आरोपियों को जिले से बाहर निकलने से पहले हिरासत में ले लिया। वही मौके पर इन आरोपियों से कड़ी पूछताछ हुई और पूछताछ के बाद मासूमों का सौदा करने वाले अरोपियों के साथ जिले के स्थानीय बिचौलिये व नेपाल मूल के दोनों मासूमों के मां व सौतेले बाप को सहित राजस्थान से जिले में आये युवक को पुलिस हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

**पुलिस बल ने सराहनीय काम किया:** सीमांत जनपद के पुलिस बल ने खासा सराहनीय काम किया है। मानव तस्करी को रोकने के लिए जिले की मित्र पुलिस सख्त कदम उठा रही है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक सुखबीर सिंह ने बताया कि जिले में मानव तस्करी के अपराधों के मामलों की सूचना लोग 100 नंबर पर दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

## न्यूज डायरी

### कांवड़ यात्रियों से अखाड़ा परिषद की अपील, घर में रहकर करें परंपराओं का पालन

**संवाददाता** हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सभी कांवड़ यात्रियों और शिव भक्तों से उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा शुरू नहीं करने का अनुरोध किया है। साथ ही कांवड़ियों से घर पर रहकर ही प्रतीकात्मक रूप से परंपराओं के पालन की अपील की। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महंत नरेंद्र गिरी ने शनिवार सुबह जारी पत्र में यह अपील की है। श्री महंत नरेंद्र गिरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक परंपराओं के पालन की बात कही है, लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे की आशंका हमें आगाह कर रही है कि हम अपने अपने घरों पर रह कर ही प्रतीकात्मक रूप से अपने धर्म का पालन करें। उन्होंने सभी कांवड़ यात्रियों और शिव भक्तों से अपने–अपने घरों में रहकर सीमित दायरे में रहकर मर्यादा और धार्मिक परंपराओं के पालन का अनुरोध किया है।

### पति समेत चार ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** रुद्रपुर। रम्पुरा में नव विवाहिता के फंदे से लटककर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के भाई ने उसके ससुरालियों पर दहेज के लिए उसका उत्पीड़न कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस ने आरोपित पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रम्पुरा निवासी लीलाधर की पत्नी विमला उर्फ उर्मिला बुधवार शाम को मायके से वापस ससुराल लौटी थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह लीलाधर घर से कहीं गया हुआ था। इसी बीच उसने कमरा बंद कर आत्महत्या कर ली थी। इसका पता चलते ही पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था।

### आयोडेक्स ने "आयोडेक्स रैपिड एक्शन स्प्रे" किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। जीएसके कंज्यूमर हैल्थकेयर ने आयोडेक्स रैपिड एक्शन स्प्रे के लॉन्च की घोषणा की। यह आधुनिक समय के उपभोक्ताओं के लिए एक शारीरिक दर्द निवारक समाधान है। शरीर के दर्द के इलाज के लिए मशहूर, आयोडेक्स का नाम भारत के घर–घर में मौजूद है। 100 सालों से ज्यादा समय से लाखों उपभोक्ता इस पर भरोसा करते आए हैं। वास्तविक शारीरिक दर्द विशेषज्ञ के रूप में यह ब्रांड उपभोक्ताओं के दर्द को समझता है और ऐसी अभिनवताएं प्रस्तुत कर रहा है, जो उनकी बढ़ती जरूरतों को पूरा कर सकें। इस लॉन्च के साथ, आयोडेक्स अपने पोर्टफोलियो में अभिनवता ला रहा है और खुद को वास्तविक शारीरिक दर्द विशेषज्ञ के रूप में स्थापित कर रहा है।

## राज्य सरकार की उपेक्षा के चलते बेरोजगार हो गए हैं प्रेरक

**संवाददाता** लोहाघाट। शिक्षा प्रेरकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर समायोजन की मांग की है। शनिवार को संगठन की जिला ने इकाई ने विधायक पूरन सिंह फर्त्याल के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण साक्षरता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले प्रेरक बेरोजगार हो गए हैं। उनका कहना था कि उत्तराखंड के छह जिलों में साक्षर भारत कार्यक्रम के तहत वर्ष 2010 से 2017 तक शिक्षा प्रेरकों ने निरक्षरों को साक्षर किया। तब उन्हें दो हजार रुपये प्रतिमाह केंद्र सरकार की ओर से मानदेय दिया गया। राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय में वृद्धि की गई थी। इस दौरान शिक्षा प्रेरकों को प्रधानमंत्री जनधन खाते खुलवाने, आर्थिक गणना, बाल गणना एंव निर्वाचन बीएलओ जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किए।

केंद्र सरकार की और से यह कार्यक्रम 30 सितंबर 2017 तक बढ़ाया गया जो राज्य सरकार ने लागू नहीं किया। राज्य सरकार ने छह जिलों के 5155 शिक्षा प्रेरकों की सेवा समाप्त कर दी। जिसके चलते प्रेरकों के सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। ज्ञापन में शीघ्र शिक्षा प्रेरकों की योग्यता अनुसार सरकारी विभागों में समायोजित करने, अक्टूबर 2017 से नवंबर 2018 तक 14 माह का अवशेष मानदेय का भुगतान करने, शिक्षा प्रेरकों को केम्पा योजना में रखने की मांग की गई है। ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष संजय चौड़ाकोटी आदि के हस्ताक्षर हैं।



## पौधारोपण के बाद संरक्षण को बने ठोस योजना

**संवाददाता** देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन देहरादून के शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी को फलो के पौधे भेंट किये। जिसमे डॉ.मुकुलशर्मा, लै.कर्नल बीएम थापा,एडवोकेट रविसिंह नेगी,सरदार जीएस जससल,ब्रि.केजी बहल,सुशील त्यागी,मुकेशनारायण शर्मा शामिल थे। संगठन की ओर से बताया गया कि विगत वर्षों मे जनपद मे लाखो की संख्या मे वृक्षारोपण किया गया जिसमे संगठन ने भी भाग लिया था परन्तु इनके संरक्षण की विभागीय स्तर पर कोई योजना न होने के कारण धरातल पर मुश्किल से दस प्रतिशत ही पौधे जिन्दा बचे है। यदि इनकी लगातार देखभाल की जिम्मेदारी निर्धारित नही की गयी तो यह अभियान पूर्णरूप से फलावित नही हो पायेगा। जनहित से सम्बन्धित अन्य सुझाव भी दिये गये जिनपर पुनः विचार–विमर्श करने हेतु संगठन की मुख्यमंत्री के साथ शीघ्र ही विस्तृत बैठक होगी। इसके निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये है।

## त्रिवेणी घाट पर हुक्का गुड़गुड़ा रहे दिल्ली के तीन पर्यटक गिरफ्तार

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने मिशन मर्यादा के में पहली कार्रवाई करते हुए त्रिवेणी घाट पर हुक्का पी रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ आपदा प्रबंधन व महामारी अधिनियम के अलावा कोटपा अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

विगत दिनों हरिद्वार में गंगा में बैठकर हुक्का पी रहे पर्यटकों के प्रकरण के सामने आने के बाद पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड ने तीर्थस्थलों को नशा मुक्त करने व मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए मिशन मर्यादा शुरू किया है। शनिवार को मिशन मर्यादा के तहत ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने पहली कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी



निरीक्षक शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि मद्य निषेध क्षेत्र तीर्थनगरी ऋषिकेश में आरती स्थल, तीर्थ स्थलों, गंगा के किनारे व तीर्थ क्षेत्र को चिन्हित करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार की दोपहर पुलिस टीम ने त्रिवेणी घाट परिसर में गंगा तट के निकट पार्किंग पर तीन व्यक्तियों को अमर्यादित हरकतें व हुक्का पीकर हल्ला व हुडदंग करते हुए गिरफ्तार किया। उनकी हरकतों के कारण श्रद्धालु व जनमानस की धार्मिक भावना को ठेस पहुंच रही थी। उक्त व्यक्ति फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे हैं और उन्होंने मास्क भी नहीं कर रहे थे। पुलिस ने देवेंद्र पुत्र एनएन शर्मा निवासी घासा रोड निकट वाल्मीकि मंदिर, मित्राऊ, थाना बाबा हरिदास नगर, दक्षिण पश्चिम दिल्ली–43, आनंद पुत्र रामवीर सिंह निवासी गोपाल नगर, नजफगढ़, थाना बाबा हरिदास नगर, दिल्ली तथा अमर सिंह पुत्र दिलावर सिंह निवासी 500 स्वामी बाड़ा मित्राऊ, थाना बाबा हरिदास नगर दक्षिण पश्चिम दिल्ली–43 के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गर्भवती महिला की हत्या में पति समेत छह पर मुकदमा

**संवाददाता** भगवानपुर। कोटा मुरादनगर गांव में गर्भवती महिला की हत्या करने के मामले में पुलिस ने पति समेत ससुराल के छह व्यक्तियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से आरोपित फरार हैं। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ के प्रयास कर रही है। बहादराबाद थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी दीपा की शादी करीब तीन साल पहले कोटा मुरादनगर निवासी विपिन से हुई थी। विपिन एक प्राइवेट कंपनी में कर्मचारी है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम को महिला के सिर पर लाठियों से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया था। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे थे। इस मामले में मृतक दीपा के भाई मोनू कुमार ने कलियर थाना पुलिस को तहरीर दी थी, जिसमें बताया था कि ससुराल के लोग दीपा को लगातार कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।